# युगदृष्टा डॉ. मुखर्जी का देश रहेगा सदा आभारीः डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह का किया लोकार्पण



भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी युगदृष्टा थे। उन्होंने देश के सामने मौजूद समस्याओं का पूर्वानुमान लगाकर देश की एकता बनाए रखने और देशवासियों को जागरूक करने का अद्भुत कार्य किया। अंग्रेजों के बंग-भंग के षड़यंत्र का भंडाफोड़ करने और कश्मीर की समस्या के दूरगामी दुःखद परिणामों से जन-जन को अवगत कराने के लिए देश उनका सदैव आभारी रहेगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास भवन में निर्मित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. मुखर्जी की आज जयंती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनकी स्मृति में विकास भवन में मंत्रोच्चार के बीच पौध-रोपण किया तथा शिलापट्टिका का अनावरण कर सभागृह का लोकार्पण किया। उन्होंने सभागृह में निर्मित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र का भी अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने की।

डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का 33 साल की आयु में वाइस चांसलर बनना उनकी प्रतिभा को दर्शाता है। उनके द्वारा कश्मीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने के बाद भी देश में धारा-370 का कलंक जारी रहा एवं 40 हजार निरपराध लोग पीड़ा और हिंसा के शिकार हुए। अंततः प्रधामनंत्री श्री मोदी के दृढ़-संकल्प ने देश को धारा-370 से मुक्ति प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विकास दर में निरंतर सुधार हो रहा है। ग्रामीण विकास गतिविधियों तथा पंचायतों की कार्य-प्रणाली से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगति स्पष्ट परिलक्षित हो रही है। विकास भवन में बना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा कश्मीर की समस्या के संबंध में देश का ध्यान आकर्षित करने और धारा-370 हटाने की मांग से कई युवा देश सेवा के लिए आगे आए। उनके बलिदान के परिणाम स्वरूप ही धारा-370 हटाने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास भवन में निर्मित सभागृह का नामकरण डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर किया गया है। सभागृह में लगभग 450 व्यक्तियों की बैठक व्यवस्था है। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह, नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद वीडी शर्मा, आलोक शर्मा उपस्थित रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा का अनावरण





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक तथा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर प्रतिमा का अनावरण कर नमन किया। उनकी आदमकद प्रतिमा डॉ. मुखर्जी की लालघाटी चौराहे पर स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता-अखंडता को लेकर राष्ट्रवादी विचारधारा का दृष्टिकोण अंतर्राष्ट्रीय पटल पर रखा। देश में बंग-भंग के षड़यंत्र तथा कश्मीर को लेकर विभाजन की नीति के प्रति लोगों को जागरूक एवं एक करने में डॉ. मुखर्जी का महत्वपूर्ण योगदान है। डॉ. मुखर्जी की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण राजधानी के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, सांसद वीडी शर्मा, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी अजय जामवाल और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बुंदेलखंड एकता मंच ने की महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा लगाने एवं बुन्देली भवन की मांग

**भोपाल (काप्र)।** बुन्देलखण्ड एकता मंच एंव विरासत बचाओं मंच का सयुक्त प्रतिनिधि मण्डल ने बुंदेलखंड के लखन पटेल पशु पालन मंत्री से मिलकर उन्हें अवगत कराया कि महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा टीन सेट पर लगनी थी किन्तु स्मार्ट सिटी एंव नगर निगम के अधिकारियों द्वारा शिलालेख का पत्थर वहा से हटा दिया तथा रोड बना दी गई है नगर निगम द्वारा प्रतिमा के लिये टेन्डर स्वीकृत कर आदेश भी दिया था किन्तु उनकी कही भी प्रतिमा नही लगाई है



अतः आप व्यक्तिगत रूची लेकर उपयुक्त स्थल का चयन कर प्रतिमा लगाई जावे ।

बुंदेलखंड एकता मंच के प्रवक्ता सत्येन्द्र साहू ने बताया कि बुन्देलखण्ड के निवासियों की संख्या भोपाल मे अत्यधिक होने से बुन्देली भवन हेतु स्थल दिया जावे। यह भी मागें मंत्री से की गई। मंत्री द्वारा प्रतिमा एंव बुन्देली भवन के लिये स्थल देने के लिये शीघ्र कार्यवाही का आष्वासन दिया। एवं बुंदेलखंड के जितने जन प्रतिनिधि, मंत्री सांसद, विधायक है उन्हे बुंदेलखंड एकता मंच में संरक्षक मंडल में रखा जाएगा और सभी को मांग पत्र सौंपा जाएगा। इस अवसर पर बुन्देलखण्ड एकता मंच के अध्यक्ष विजय दुबे कार्यकारी अध्यक्ष पीएस बुन्देला, उपाध्याक्ष रजनीष सोनी, प्रवक्ता सत्येन्द्र साहू विरासत सभाओं मंच के कार्यकारी अध्यक्ष विजय मिश्रा,सचिव हर्ष लटौरिया, उपाध्यक्ष ओम बाबू मिश्रा, एंव कोषध्यक्ष एसके खरे, तथा हिदेष मीना उपस्थित थे।

## हायर सेकेंडरी स्कूल नरेला में वृक्षारोपण




**भोपाल ( काप्र )।** एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण के अवसर पर शनिवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नरेला शंकरी में जाकर प्राचार्य एवं बच्चों के साथ पर्यावरण सुरक्षा संरक्षण के लिए एवं चिरस्थाई यादगार के लिए मध्य प्रदेश शासन के आह्वान एवं एक पौधा मां के नाम के तहत लगभग 25 पेड़ लगाए गए जिससे संपूर्ण वातावरण हरियाली युक्त होगा हरित होगा ऑक्सीजन युक्त होगा ऐसी कामना है सभी लोग स्वस्थ रहें अच्छे रहे निरोग रहे।

## प्रदेश में अगले 5 वर्षों में सिंचाई का रकबा दोगुना करने का लक्ष्यः सिलावट

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सिंचाई की सुविधा के निरंतर विस्तार के साथ जल के अधिकतम उपयोग की व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार उल्लेखनीय कार्य कर रही है। प्रदेश में अगले 5 वर्षों में सिंचाई का रकबा दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है।**

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं एवं नए कार्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान किया गया है। इससे प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृध्दि होगी। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रदेश में वर्ष 2003 में सिंचाई की स्थिति बहुत खराब थी। वर्तमान में प्रदेश के सिंचाई क्षमता लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गई है। इसे वर्ष 2025-26 तक 65 लाख हेक्टेयर एवं वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टर सिंचाई का रकबा किए जाने का हमारा लक्ष्य है। पर ड्रॉप मोर क्रॉप के उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश में 133 बृहद एवं मध्यम प्रेशराइजड सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली आधारित परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर लगभग 48 लाख हैक्टर सिंचाई क्षमता संवर्धितहोगी। इसी प्रणाली का उपयोग कर प्रदेश पूर्व निर्मित सिंचाई परियोजनाओं के अतिशेष जल से अतिरिक्त सिंचाई क्षेत्र विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। केन-बेतवा लिंक परियोजना जिसकी अनुमानित लागत रुपए 44 हजार 605 करोड़ है। यह बुंदेलखंड क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए वरदान है। परियोजना के पूर्ण होने पर प्रदेश के 10 जिलों के 01 हजार 900 ग्रामों में 8 लाख11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा के साथ 41 लाख की आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

इसके अतिरिक्त इस परियोजना से 130 मेगावाट विद्युत उत्पादन भी होगा। मध्यप्रदेश की राजस्थान के साथ एमओयू अनुसार पार्वती-कालीसिंध-चंबल अंतर्राज्यीय नदी लिंक परियोजना के निर्माण संबंधी सैद्धांतिक सहमति हुई है। इस परियोजना से प्रदेश के 10 जिलों में 04 लाख हेक्टेयर नवीन सिंचाई क्षमता संवर्धित होगी तथा पेयजल एवं उद्योग के लिए भी जल उपलब्ध होगा।

## पौधरोपण अभियान को इंदौर ने बनाया जन-आंदोलनः शुक्ल



भोपाल(काप्र)।

**उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि ग्लोबल वार्मिंग विश्व-व्यापी समस्या है। इसके नियंत्रण के लिए आवश्यक है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाएं।**

श्री शुक्ल ने कहा कि वृक्ष बैठे हुए संत होते हैं और संत चलते हुए वृक्ष होते हैं। आज बहुत ही अच्छा संयोग है कि संतजनों की उपस्थिति में धरती मां के श्रृंगार में पौध-रोपण अभियान शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि प्रदेश में वृहद स्तर के पौध-रोपण अभियान में इंदौर शहर में 51 लाख से अधिक पौधे लगाये जा रहे हैं। इंदौर ने पौध-रोपण अभियान को जन-आंदोलन बनाया है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान के क्रम में इंदौर शहर में आज से 51 लाख पौधे लगाने का अभियान प्रारंभ किया गया है। इंदौर को पर्यावरण संरक्षण में नंबर वन बनाने के लिए पौध-रोपण अभियान का संकल्प लिया गया है। इंदौर शहर में प्रतिवर्ष वृहद् पौधरोपण कर तापमान कम करने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध है। पितृ पर्वत पर पूर्व में किए गये तीन लाख पौधों के रोपण से यहां का तापमान भी कम हुआ है। अभियान में 14 जुलाई तक वृहद स्तर पर पौध-रोपण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को रेवती रेंज में एक साथ 11 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे।

गुप्त नवरात्रि के पहले दिन पितृ पर्वत इंदौर में साधु-संतों के सानिध्य में उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं महामंडलेश्वर स्वामी द्वारा पौध-रोपण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री क्षेत्र वाल्मिकी धाम पीठाधीश्वर और राज्यसभा सदस्य बाल योगी उमेशनाथ महाराज, महामंडलेश्वर अरुण स्वामी महाराज, माँ कनकेश्वरी देवी, पद्मश्री जनक पल्टा, विधायक रमेश मेंदोला और बड़ी संख्या में संत समाज एवं नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों द्वारा वृहद् पौध-रोपण किया गया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि संकल्प से ही सिद्धि प्राप्त होती है और यह संकल्प का परिणाम है कि इस बंजर भूमि पर 3 लाख से अधिक पौधे जीवित है। महापौर श्री भार्गव ने अभियान को सफल बनाने में सभी इंदौर वासियों से सहयोग की अपील की। श्री क्षेत्र वाल्मिकी धाम पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सदस्य श्री बाली उमेश नाथ जी महाराज ने कहा कि हम सभी संकल्प लें कि सभी लोग पौधे लगाएं और उसके संरक्षण का भी ध्यान रखें और प्रतिदिन उसमें जल अर्पण करें। परिवार का प्रत्येक सदस्य पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा जरूर लगाये।

## जबलपुर कलेक्टर एक्सीलेंस गवर्नेंस एंड एडमिनिस्ट्रेशन की उपाधि से सम्मानित



**भोपाल ( काप्र )।** पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन एवं गायत्री परिवार जबलपुर से हरिशंकर चौधरी, सचिव भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, डॉ डीडी चौकसे, सह-संयोजक, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा ने आज जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना से भेंट की एवं आपके द्वारा शिक्षा व्यवस्था के संबंध में सृजनात्मक, जनहित उपदेशी, कल्याणकारी जारी निर्देशों एवं राजस्व विभाग के सीमांकन, नामांतरण, बटवारा मामलों के निराकरण में गतिशीलता, पारदर्शिता, सरलता के लिए जो उत्कृष्ट कार्य किया जा रहे सभी कार्यों के लिए समस्त प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टर का सम्मान एवं एक्सीलेंस गवर्नेंस एंड एडमिनिस्ट्रेशन की उपाधि से सम्मानित किया। कलेक्टर ने कहा कि सीमांकन संबंधी मामलों के निराकरण के लिए जितने मामले आते हैं ,उनकी तुलना में सीमांकन मशीनों की बहुत अधिक कमी है अगर सीमांकन मशीनों की उपलब्धता बढ़ जाए तो निराकृत मामलो की संख्या में गुणात्मक वृद्धि की जा सकती है।श्री जैन ने कहा कि सीमांकन मशीनों की कमी की समस्या को सामाजिक संगठनों, समितियां एवं सरकार तक प्रेषित करेंगे और इस समस्या के निराकरण के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

**स्पेशल खबर** कमलनाथ ने छिंदवाड़ा की जनता को हमेशा धोखा दिया, आदिवासी भाइयों को ठगा...

## अमरवाड़ा विस उपचुनाव जिताएं, विकास में चार चांद लगा देंगेः शर्मा

भोपाल (काप्र)।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने शनिवार को छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव को लेकर हर्रई, सुरलाखापा और अमरवाड़ा ग्रामीण मंडल के अहरवाड़ा, हड़ाई, धरमी और सेजा शक्ति केंद्र की बैठकों को संबोधित किया।**

श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और कमलनाथ ने छिंदवाड़ा की जनता को हमेशा धोखा दिया है। कमलनाथ ने आदिवासी भाईयों को ठगा है। प्रधानमंत्री की गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ अमरवाड़ा के हर गांव तक भाजपा सरकार पहुंचा रही है। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता सभी बूथों को जीतने का संकल्प लेकर चुनाव अभियान में जुट जाएं। आप सभी अमरवाड़ा उपचुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाएं। इस विधानसभा क्षेत्र के हर गांव के विकास की गारंटी भारतीय जनता पार्टी लेती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने गौरपानी में धरमी शक्ति केन्द्र प्रभारी दयाराम धुर्वे के निवास पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया। श्री शर्मा ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले और अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में अधिकांश लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं के हितग्राही हैं। सभी का भाजपा के प्रति अटूट विश्वास है। आप अमरवाड़ा उपचुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाएं, भाजपा सरकार हर गांव में विकास के चार चांद लगा देगी।

श्री शर्मा ने कहा कि अमरवाड़ा उपचुनाव में भी पार्टी प्रत्याश्या कमलेश शाह को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाकर विजयी बनाना है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद तीन करोड़ पीएम आवास को मंजूरी प्रदान की है। अमरवाड़ा क्षेत्र में जिन गरीबों को पीएम आवास के तहत पक्के मकान नहीं बने हैं, भाजपा गारंटी लेती है, सभी को पीएम आवास के तहत पक्के आवास बनाकर दिए जाएंगे।

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका संगठन और देवतुल्य कार्यकर्ता है। आप सभी कायकर्ता हर बूथ पर पार्टी प्रत्याशी बनकर चुनाव अभियान में जुट जाएं। जितना मजबूत हमारा बूथ होगा, भाजपा को उतनी ऐतिहासिक विजय मिलेगी। उपचुनाव में भाजपा यहां से विजयी होगी और अमरवाड़ा का विकास भाजपा की डबल इंजन सरकार करेगी। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता से संपर्क करें और लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार के गरीब कल्याण के कार्यों के साथ उपलब्धियां जनता को बताएं और भाजपा को वोट देने की अपील करें। इस क्षेत्र की जनता का प्रधानमंत्री पर अटूट विश्वास है। आप सभी कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर लोगों को मतदान करने के लिए भी प्रेरित करें। जितना अधिक वोट प्रतिशत होगा, भाजपा को जीत उतनी ही ऐतिहासिक होगी। इसलिए आप सभी कार्यकर्ता प्रत्याशी बनकर अपने-अपने बूथ पर अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए प्रयास करें। केंद्र में भाजपा की सरकार है और राज्य में भाजपा की सरकार है। अमरवाड़ा में भी आपकी सरकार होना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता दीपक सक्सेना, वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र बरूआ, जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले सहित शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल अध्यक्ष सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

